www.UniversityQuestionPapers.com

# हिंदी

समय : ३ घंटे)　　　　प्रश्नपत्रिका : मार्च २००८　　　　(कुल अंक : ८०

**प्र. १. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर पाठ्य–पुस्तक के पाठों के आधार पर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग पचास से साठ शब्दों में हो ।** (१२)

(१) हरिदास को मगनसिंह के बारे में क्या जानकारी प्राप्त हुई ? (२) जादूगर को राजदरबार में ऊँचा स्थान क्यों मिला ?
(३) सह्याद्रि में कौन–कौनसी नदियाँ और गुफाएँ हैं ?　　(४) ऐनक से क्या–क्या लाभ हो सकते हैं ?
(५) अजय को ऐसा क्यों लगा, कि उसने कोई बहुत बड़ा काम कर लिया है ?
(६) वृद्ध ने किस उद्देश्य से अज्जू के परिवार की सहायता की ?

**प्र. २. (अ) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पाठ्य–पुस्तक के पाठों के आधार पर केवल एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** (०३)

(१) मगनसिंह के घर कौन–कौन थे ?　　(२) जवाहरलाल जी की अटल धारणा क्या है ?
(३) पापा छड़ी को किस तरह हाथ में लिए रहते ?

**(आ) निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्य–पुस्तक के पाठों में प्रयुक्त शब्दों से कीजिए । प्रत्येक वाक्य पूर्ण लिखकर रिक्तपूर्ति के शब्दों को अधोरेखांकित कीजिए :** (०३)

(१) आँखों में आशा–निराशा ---------------- सी खेल रही थीं ।
(२) मेरे सर पर भूत सँवार था और ----------- का अपना अनूठा रस होता है ।
(३) माशेलकर जी अपनी माता को परम ------------ मानते हैं ।

**(इ) पाठ्य–पुस्तक के पाठों के आधार पर पूर्ण वाक्य में लिखिए की निम्नलिखित प्रत्येक वाक्य किसने और किससे कहा है :** (०२)

(१) "तुम लोग भी घूम आओ।"　　(२) "जीवन में ये उत्थान–पतन तो होते ही रहते हैं।"

**(ई) पाठ्य–पुस्तक के पाठों के आधार पर निम्नलिखित विधान के साथ दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प जोड़कर प्रत्येक विधान पूर्ण वाक्य में लिखिए :** (०२)

**(१) अनियंत्रित इच्छाओं का एक ही परिणाम होता है–.......**
(य) मानसिक संतोष और आत्मिक पतन ।　(र) मानसिक शांति और नैतिक पतन ।
(ल) मानसिक अशांति और आत्मिक पतन ।
**(२) 'रमता राम' इसीलिए कहते हैं कि ..........**
(य) जो रमता है, वह राम नहीं ।　(र) रमना राम का काम नहीं ।　(ल) जो रमता नहीं, वह राम नहीं ।

**प्र. ३. (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पाठ्य–पुस्तक की कविताओं के आधार पर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग पचास से साठ शब्दों में हो :** (०९)

(१) बालक श्रीकृष्ण अपनी माँ से क्या शिकायत करता है ?
(२) राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज ने जीवित मानव की क्या पहचान बताई है ?
(३) मानिनी यशोधरा अपने मन से क्या विनति करती है और क्यों ?
(४) सुभद्राकुमारी चौहान ने अपनी बालिका में कौन–से गुण देखे हैं ?
(५) कवि महेंद्र भटनागर हम भारतीयों की क्या–क्या विशेषताएँ बताते हैं ?

**(ख) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पाठ्य–पुस्तक की कविताओं के आधार पर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** (०५)

(१) बिहारी के अनुसार आदमी किसके बिना बड़ा नहीं होता ?　(२) शहीद जन्मभूमि से दूर क्यों आए ?
(३) बालिका किसकी हरियाली है ?　(४) वृक्ष किसके हाथ हैं ?　(५) मेघ क्या सींचेंगे ?

**(ग) निम्नलिखित पंक्तियों के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्य–पुस्तक की कविताओं में प्रयुक्त शब्दों से कीजिए । प्रत्येक पंक्ति पूर्ण लिखकर रिक्तपूर्ति के शब्दों को अधोरेखांकित कीजिए :** (०४)

(१) हम तो लो सो रहे लगाते ........................ के नारे ।
(२) ताजे फल–जड़ी–बूटी और ........................ देते रहे तुम्हें ।
(३) हमारे पास केवल ..................... का, परस्पर प्यार का संदेश है ।
(५) हम रहेंगे .................... तुम्हें उधार देगा ।

www.UniversityQuestionPapers.com
www.UniversityQuestionPapers.com

www.UniversityQuestionPapers.com

प्र. ४. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पूरक पठन की कथाओं के आधार पर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग साठ शब्दों में हो : (०८)

(१) कौआ अपनी उड़ान के बारे में किस तरह डींग हाँकता रहा ?
(२) पितामह ने गेहूँ के बड़े दाने के बारे में कौन-सी जानकारी दी ?
(३) हेइशिरो बौद्ध भिक्षु क्यों और कैसे बना ?
(४) 'सिनानो' राज्य की प्रजा किस कारण से दुखी थी ?

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक लोककथा का सारांश अपने शब्दों में लगभग एक सौ पचास शब्दों में लिखिए :(०८)

(१) मानव-प्रेम; (२) तीन पीढ़ी का राज्य।

प्र. ५. (ट) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं तीन मुहावरों का हिंदी में अर्थ देकर उन मुहावरों का अपने अर्थपूर्ण वाक्यों में प्रयोग कीजिए । प्रत्येक मुहावरे के लिए अलग-अलग वाक्य हो । प्रयुक्त मुहावरे को अधोरेखांकित कीजिए (०३)

(१) अपने पैरों पर खड़ा होना ; (२) नौ-दो ग्यारह होना ; (३) मजाक उड़ाना;
(४) हाथ लगना; (५) पोल खोलना ।

(ठ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों को कोष्ठक में सूचित काल में परिवर्तित करके पूर्ण वाक्य लिखिए (०३)

(१) राजा की आमदनी भी कम होती है । (अपूर्ण भूतकाल)
(२) ऐनक ही ऐसी चीज मालूम होती थी । (सामान्य वर्तमानकाल) (३) यहाँ भी नदी में बाढ़ आती है । (पूर्ण भूतकाल)
(४) आगामी शताब्दि भारत की है । (सामान्य भविष्यत् काल)

(ड) निम्नलिखित अव्ययों में से किन्हीं दो का अव्यय के रूप में ही अर्थपूर्ण वाक्यों में प्रयोग कीजिए । प्रत्येक अव्यय के लिए स्वतंत्र वाक्य हो । प्रयुक्त अव्यय को अधोरेखांकित कीजिए : (०२)

(१) कभी-कभी; (२) लेकिन; (३) वाह !

(ढ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके पूर्ण शुद्ध वाक्य लिखिए : (०२)

(१) उनका आहट पाते ही आँखें खोला। (२) सड़क के दोनों ओर पेड़े थे । (३) मैं भारत को प्रेम किया है ।

प्र. ६. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग १५० से २०० शब्दों में निबंध लिखिए : (०८)

www.UniversityQuestionPapers.com

(१) रेलवे स्टेशन पर एक घंटा; (२) श्रम का महत्त्व; (३) बूढ़े की आत्मकथा; (४) मेरा प्रिय त्योहार ।

प्र. ७ (त) निम्नलिखित पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए : (०५)

अनिल/अनुराधा काळे, ३/२०५, रविनगर, अचलपूर से व्यवस्थापक, साहित्य सदन, अमरावती को पत्र लिखकर; पार्सल में प्राप्त; फटी-पुरानी पुस्तकों के संबंध में शिकायत करता/ करती है ।

अथवा

अशोक/आशा सरदेशमुख, अपने भाई के विवाह के लिए चार दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक, पटवर्धन हाईस्कूल, सांगली के नाम आवेदन-पत्र लिखता/लिखती है।

(थ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए । उसे उचित शीर्षक दीजिए । कहानी से प्राप्त होने वाली सीख भी लिखिए : (०५)

एक विद्यार्थी -- परीक्षा में असफल रहना -- निराशा होना -- जंगल में जाना -- एक मकड़ी द्वारा पेड़ पर बार-बार चढ़ने का यत्न करना -- विद्यार्थी का देखना -- सफलता का मार्ग मिलना -- वापस आना -- ध्यान से पढ़ना -- सफल होना

अथवा

जनता विद्यालय, जागृत नगर, रायगड में मनाए गए 'वृक्षारोपण' समारोह का रोचक वृत्तांत लिखिए । वृत्तांत में स्थल, काल, घटना आदि का उल्लेख कीजिए ।

प्र. ८. निम्नलिखित गद्यखण्ड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :

हँसने का सामाजिक पक्ष भी होता है । हँसकर हम लोगों को अपने निकट ला सकते हैं, और व्यंग्य करके उन्हें दूरस्थ बना देते हैं । जिसको भगाना हो उसकी थोड़ी देर हँसी-खिल्ली उड़ाइए, वह तुरंत बोरिया-बिस्तर गोलकर पलायन करेगा । जितनी मुक्त हँसी होगी, उतना समीप व्यक्ति खींचेगा; इसीलिए तो श्रोताओं की सहानुभूति अपनी ओर घसीटने के लिए चतुर वक्ता अपना भाषण किसी रोचक कहानी या घटना से आरंभ करते हैं । सामाजिक नियमों और मूल्यों को मान्यता दिलाने और रूढ़ियों को निष्कासित करने में पुलिस या कानून सहायता नहीं करता, किंतु वहाँ हास्य का चाबुक अचूक बैठता है । हास्य के कोड़े, उपहास -डंक और व्यंग्य - बाण मारकर आदमी को रास्ते पर लाया जा सकता है । इस प्रकार गुमराह बने हुए समाज की रक्षा की जा सकती है ।

प्रश्न : - (१) चतुर वक्ता अपने भाषण का प्रारंभ कहानी या घटना से क्यों करता है ? (०१)
(२) समाज में हँसी और व्यंग का क्या उपयोग होता है ? (०१)
(३) हास्य का चाबुक कौन-सा विशेष कार्य करता है ? (०१)
(४) गद्यखण्ड के लिए उचित शीर्षक दीजिए । (०१)

www.UniversityQuestionPapers.com